श्याम सलोना खाटू वाला ये तो जादूगर कहलाए भजन लिरिक्स

श्याम सलोना खाटू वाला,
ये तो जादूगर कहलाए,
ये ऐसा मंतर मार दे पल में,
क्या से क्या हो जाए।bd।

तर्ज – झूठ बोले कव्वा काटे।

वो जब से खाटू में आया,
खाटू को स्वर्ग बना डाला,
जिस ने भी देखा वो बोला,
दिखने में है श्याम मतवाला,
वो छैलछबीला प्यारा है,
सबकी आँखो का तारा है,
देख ले उस को एक नजर जो,
वो उसका हो जाए,
वो ऐसा मंतर मार दे पल में,
क्या से क्या हो जाए।bd।

हर दिल से उसका नाता है,
वो सबका भाग्य विधाता है,
वो तकदीरे चमकाता है,
देकर के नहीं जताता है,
ये 'प्रीती' महा सुखदाता है,
मुश्किल में काम बनाता है,
कलयुग का अवतारी है ये,
लखदातार कहाय,
ये ऐसा मंतर मार दे पल में,
क्या से क्या हो जाए।bd।

उसकी वो मोरछड़ी प्यारी,
काटे संकट भारी भारी,
लीला घोड़ा और मोरछड़ी,
श्री श्याम की शोभा है न्यारी,
जिसके दीवाने संसारी,
जय हो इस के पीछे भी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्री श्याम 'सुभाष' ये कहलाता है,
महादानी मांग के खाये,
ये ऐसा मंतर मार दे पल में,
क्या से क्या हो जाए।bd।

श्याम सलोना खाटू वाला,
ये तो जादूगर कहलाए,
ये ऐसा मंतर मार दे पल में,
क्या से क्या हो जाए।bd।

Singer – Priti Sargam Singh

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com